दिनांकः 16.05.2026 समय : 01:00 पी.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज अपने आधिकारिक नीदरलैंड यात्रा के दौरान भारतीय प्रवासी समुदाय को संबोधित करेंगे। समारोह में हजारों लोगों के शामिल होने की संभावना है। प्रधानमंत्री मोदी कल देर रात नीदरलैंड पहुंचे। विभिन्न आयु वर्ग, क्षेत्रों और धर्मों का प्रतिनिधित्व करने वाले भारतीय समुदाय के सदस्य पारंपरिक नृत्य और संगीत प्रस्तुतियों के साथ उनका स्वागत करने के लिए एकत्रित हुए। इस सामुदायिक कार्यक्रम में भारत–नीदरलैंड संबंधों, प्रवासी समुदाय की भूमिका और भारत की वैश्विक पहुंच पर ध्यान केंद्रित किए जाने की उम्मीद है।

....

जनगणना 2027 के तहत प्रदेश में आज से प्रगणक घर–घर जाकर जानकारी इकट्ठा कर रहे हैं। 14 जून तक चलने वाले इस चरण में मकानों का सूचीकरण और गणना की जाएगी। प्रगणक मकान की निर्माण सामग्री और सुविधाओं को लेकर 33 सवाल कर रहे हैं।

उधर, झुंझुनूं में आज विधायक राजेन्द्र भांबू ने जनगणना टीमों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर श्री भांबू ने कहा कि जनगणना राष्ट्रीय महत्व का काम है। पहले चरण की जनगणना का मूल निवास से कोई संबंध नहीं है, जहां लोग वर्तमान में रह रहे हैं, उन्हें वहीं पर जनगणना में शामिल होना चाहिए। उन्होंने लोगों से प्रगणकों का सहयोग करने की अपील की।

इस बीच, प्रदेश में 1 मई से शुरू हुआ स्वगणना का काम कल पूरा हुआ। इसमें राज्य के लगभग 15 लाख परिवारों ने खुद अपनी सूचनाएं दर्ज कराने के विकल्प का उपयोग किया है।

....

राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने नागरिकों से इस बीमारी की रोकथाम के लिए एकजुट होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इसके लिए जागरुकता बढ़ाना और स्वच्छ तथा सुरक्षित वातावरण बनाए रखना सामूहिक ज़िम्मेदारी है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री नड्डा ने कहा कि सरकार बेहतर निगरानी, व्यापक परीक्षण और चिकित्सा सुविधाओं के माध्यम से डेंगू नियंत्रण प्रयासों को मजबूती से जारी रखे हुए है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोशल मीडिया पोस्ट में स्वच्छता, सतर्कता और समय पर इलाज को डेंगू से बचाव के प्रभावी उपाय बताया है। उन्होंने प्रदेशवासियों से स्वस्थ और स्वच्छ राजस्थान के निर्माण में सहभागिता निभाने का आग्रह किया है।

....

हनुमानगढ़ जिले के खेतों में फिर से सफेद सोना यानि नरमा की फसल लहलहाएगी। कृषि विभाग ने इस सीजन के लिए 1 लाख 85 हजार हैक्टेयर क्षेत्र में नरमा बुवाई का लक्ष्य तय किया है, जो पिछले साल के मुकाबले 65 हजार हैक्टेयर अधिक है। पिछली बार गुलाबी सूंडी कीट के प्रकोप से फसल को हुए नुकसान को देखते हुए इस बार प्रशासन की ओर से गाइडलाइन जारी की गई है, जिसके तहत 19 प्रमाणित कम्पनियों के बीटी कॉटन बीजों को ही मान्यता दी गई है।

....

राज्य में अगले एक–दो दिनों में गर्मी दोबारा से प्रचंड रूप ले सकती है। बाड़मेर, जैसलमेर, जोधपुर और बीकानेर संभाग में तापमान में बढ़ोतरी के आसार हैं। इससे हीटवेव का असर फिर देखने को मिल सकता है। वहीं पिछले दो–तीन दिनों से कई स्थानों पर जारी आंधी–बारिश की गतिविधियों से लोगों को हीटवेव से राहत मिली है। कई शहरों में दिन का पारा 40 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआ, जो सामान्य से कम है। हालांकि उमस और गर्मी का असर बना हुआ है। उधर, फलौदी और चित्तौड़गढ़ में कल अधिकतम तापमान 44 डिग्री के पार मापा गया। उदयपुर और कोटा में दिन भर गर्म हवाओं का असर बना रहा। मौसम विभाग के अनुसार आज

छह जिलों में आंधी और बारिश का येलो अलर्ट बताया गया है। राजधानी जयपुर में भी बादल छाये रहने और अंधड़ की संभावना है।

....

आज शनि जयंती है। इस अवसर पर मंदिरों में विशेष पूजा, अभिषेक, हवन और भजन कीर्तन के कार्यक्रम हो रहे हैं। इस मौके पर बारां जिले के सीताबाड़ी में मेला भर रहा है। ये मेला सहरिया जनजाति का लघु कुम्भ कहा जाता है। वहीं अनेक महिलाएं वट सावित्री का व्रत कर रही हैं। इस अवसर वट वृक्ष की पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की जा रही है।

....

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए परिणाम घोषित होने के बाद उपलब्ध सुविधाओं लेकर एक नोटिस जारी किया है। इसमें सीबीएसई ने कहा है कि अपने नतीजों से संतुष्ट नहीं होने वाले छात्र–छात्रा दो चरणों वाली समीक्षा प्रणाली का फायदा ले सकते हैं। पहले चरण में, वे अपनी मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाओं की स्कैन की गई प्रतियां मांग सकते हैं। ये ऑनलाइन लॉगिन के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएंगी और समीक्षा के लिए डाउनलोड की जा सकती हैं। वहीं दूसरे चरण में, विसंगतियों के सत्यापन के लिए आवेदन किया जा सकता है। साथ ही अंकन योजना के आधार पर विशिष्ट उत्तरों के दोबारा मूल्यांकन के लिए भी अनुरोध किया जा सकता है।

....